दूरस्थ शिक्षण संस्थान, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

INSTITUTE OF DISTANCE EDUCATION, JIWAJI UNIVERSITY, GWALIOR

Prof. A.K.Shrivastava

Director

ग्राम : यूनीवर्सिटी
दूरभाष : (0751) 2442868,615
फैक्स : (0751) 2442630
Mob: 09425113496
Email: ashwaniaks@rediffmail.com

क्रमांकः IDE/2017/888 दिनांक : 27/12/2017

प्रति,

समस्त प्राचार्य
दूरस्थ शिक्षण अध्ययन केन्द्र
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

विषय :- सम्पर्क कार्यक्रम में उपस्थित होने बावत्।

मान्यवर,

उपरोक्त विषयांतर्गत उल्लेख है कि दिनांक 10.01.2018 को समय 11:00 बजे से दूरस्थ शिक्षण संस्थान,जी.वि.वि. ग्वालियर में समस्त अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं संचालकों का एक सम्पर्क कार्यक्रम रखा गया है। सम्पर्क कार्यक्रम में अध्ययन-केन्द्रों की समस्याओं एवं उनके निदान से सम्बंधित विचारों पर आमने-सामने बैठकर चर्चा की जावेगी। उक्त सम्पर्क कार्यक्रम में दूरस्थ शिक्षण संस्थान, जी.वि.वि से सम्बद्ध महाविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं संचालक सादर आमंत्रित हैं।

आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में आते समय अपने-अपने अध्ययन केन्द्र पर पंजीकृत छात्रों की पाठ्यक्रमवार संख्या एवं महाविद्यालय की बैक पासबुक के प्रथम पृष्ठ जिस पर खाता क्रं एवं IFSC Code अंकित हो की छाया प्रति आवशक रुप से लाने का कष्ट करें। (जिन अध्ययनकेन्द्रों ने बैक खाता सम्बंधी जानकारी प्रपत्र प्रस्तुत कर दिये है उन्हें पुनः प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।)

आशा है कि आप निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होंगे।

(सम्पर्क कार्यक्रम हेतु यात्रा व्यय अध्ययन केन्द्रों को स्वयं वहन करना होगा)

धन्यवाद्।

निदेशक 27.12.17